>

Title: Need to improve the quality of cement bags used by cement companies to avoid transit loss.

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के उद्योग मंत्री जी का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे देश में लोग जब सीमेंट खरीदने जाते हैं तो हर बोरी में उन्हें निर्धारित मात्रा से दो से चार किलोग्राम कम सीमेंट मिलती है। जब मैंने पूरा अध्ययन कराया तो पता चला कि सीमेंट के लिए जो बैग इस्तेमाल किए जाते हैं, उनमें से सीमेंट रिस-रिस कर बाहर निकलती रहती है और उपभोक्ता तक पहुंचते-पहुंचते कम हो जाता है। यह सीमेंट उपभोक्ताओं के साथ बहुत अन्याय है तथा फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वैसे भी सीमेंट के दाम रोजाना बढ़ते ही रहते हैं। इस गम्भीर विषय के सम्बन्ध में मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उद्योग मंत्री जी तुंत देश में सीमेंट उद्योगों को निर्देशित करें कि अच्छी क्वालिटी के लैमिनेटेड बैग सीमेंट के लिए इस्तेमाल किए जाएं और यह देखा जाए कि सीमेंट उन बैग्स से रिस रहा है या नहीं। इस तरह के बैग सीमेंट उद्योगों में इस्तेमाल होने चाहिए। मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में देश का एक तिहाई सीमेंट का उत्पादन होता है। सीमेंट के बैग में निर्धारित मात्रा से कम सीमेंट पाया जाना कहीं न कहीं उपभोक्ता के साथ अन्याय है इसलिए उन्हें न्याय दिलाने के लिए भारत सरकार के उद्योग मंत्री जी इस ओर ध्यान दें, ऐसी मैं अपील करता हूं।